भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद
**INDIAN COUNCIL OF AGRICULTURAL RESEARCH**
कृषि भवन, डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद मार्ग, नई दिल्ली–110 001
**Krishi Bhawan, Dr. Rajendra Prasad Road, New Delhi 110 001**

फा0सं0 रा0भा0 1(4)/2014–हिन्दी                                                  दिनांक : 8 सितम्बर, 2014

## कार्यवृत्त

विषय : कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की दिनांक 03.09.2014 को सम्पन्न हुई संयुक्त राजभाषा कार्यान्वयन समिति की विशेष बैठक का कार्यवृत्त।

सचिव डेयर एवं महानिदेशक, भा.कृ.अ.प की अध्यक्षता में दिनांक 03.09.2014 को प्रातः 9.30 बजे महात्मा ज्योतिबा फुले समिति कक्ष (भू–तल), कृषि भवन, नई दिल्ली में डेयर सहित परिषद की संयुक्त राजभाषा कार्यान्वयन समिति की विशेष बैठक सम्पन्न हुई। बैठक का कार्यवृत्त सूचना, अनुपालन तथा आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजा जा रहा है। अनुरोध है कि इस दिशा में अविलम्ब कार्रवाई करें तथा इस मामले में हुई प्रगति से हिन्दी अनुभाग को अवगत करायें, ताकि अध्यक्ष महोदय के आदेशानुसार समिति की अगली बैठक नियत समय पर बुलाई जा सके।

संलग्न : उपर्युक्त वर्णित।

भवदीय

(हरीश चन्द्र जोशी)
निदेशक (रा0भा0)
सदस्य सचिव, रा.भा. कार्यान्वयन समिति

वितरण :

1. डेयर सहित भा.कृ.अ.प. की संयुक्त राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सभी सदस्य।
2. डेयर सहित भा.कृ.अ.प. तथा कृषि अनुसंधान भवन–I/II , पूसा के सभी अधिकारी/अनुभाग।
3. परिषद के अधीनस्थ सभी संस्थानों आदि के निदेशक।
4. उप–निदेशक (कार्या0), क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (दिल्ली), गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, ए–149, सरोजिनी नगर, नई दिल्ली–110023।
5. उप–निदेशक (रा.भा.) एवं सदस्य सचिव (नराकास) आकाशवाणी भवन, नई दिल्ली।
6. अवर सचिव (प्रशासन) डेयर, कृषि भवन, नई दिल्ली।
7. सहायक निदेशक (राजभाषा) डेयर, कृषि भवन, नई दिल्ली।

letter

# दिनांक 03.09.2014 को डेयर सहित परिषद की संयुक्त राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त

डेयर सहित परिषद की संयुक्त राजभाषा कार्यान्वयन समिति की विशेष बैठक का आयोजन दिनांक 03.9.2014 को प्रातः 9.30 बजे, महात्मा ज्योतिबा फुले समिति कक्ष में सचिव, डेयर एवं महानिदेशक, भा.कृ.अ.प. डॉ0 एस. अय्यप्पन की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें समिति के अध्यक्ष अपर सचिव, डेयर एवं सचिव भा.कृ.अ.प. श्री अरविंद कौशल भी उपस्थित थे। बैठक में उपस्थित समिति के सदस्यों की सूची अनुबंध के रूप में संलग्न है।

बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक की कार्यसूची पर विस्तार से चर्चा की गई तथा निम्नलिखित निर्णय लिए गएः–

I. <u>स्थाई मदें</u>

1. दिनांक 24.06.2014 को आयोजित पिछली बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गई।

2. राजभाषा विभाग को भेजी जाने वाली तिमाही रिपोर्ट के समय पर 'ऑन लाइन' प्रेषण हेतु शाखा अधिकारी अपने प्रभागों की तिमाही रिपोर्ट की जांच करने के बाद तिमाही की समाप्ति के 15 दिन के भीतर निश्चित रूप से हिन्दी अनुभाग में भिजवाएं।

कार्रवाईः सभी अधिकारी/अनुभाग

3. हिन्दी पत्राचार बढ़ाने हेतु सभी प्रभागों/अनुभागों द्वारा अपने–अपने स्तर पर भरसक प्रयास किए जाएं तथा 'क' क्षेत्र में स्थित कायालयों के साथ शतप्रतिशत पत्राचार हिन्दी में किया जाए।

कार्रवाईः सभी अधिकारी/अनुभाग

4. राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम 2014–15 पर बैठक में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई जिसमें निदेशक (रा.भा.) ने स्लाइड प्रदर्शन के माध्यम से मुख्य–मुख्य बिन्दुओं पर समिति के सभी सदस्यों से अपने–अपने अनुभाग स्तर पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का अनुरोध किया।

कार्रवाई: सभी अधिकारी/अनुभाग

II. <u>अस्थाई मदें</u>

5. महानिदेशक महोदय ने निर्देश दिया कि दिनांक 26 सितम्बर, 2014 को आयोजित की जा रही राजभाषा संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में किसी विशिष्ट महानुभाव को आमंत्रित किया जाए तथा हिन्दी प्रकाशनों की एक प्रदर्शनी भी लगाई जाए।

कार्रवाई : परियोजना निदेशक (डीकेएमए)/हिन्दी अनुभाग

6. महानिदेशक महोदय ने कहा कि 'हिन्दी चेतना मास' के दौरान परिषद के विभिन्न संस्थानों में प्रकाशित सभी हिन्दी पत्रिकाओं/ पुस्तकों को आईसीएआर की वेबसाइट पर अपलोड किया जाए तथा हिन्दी गतिविधियों को वेबसाइट तथा आईसीएआर की फेसबुक पर अच्छी प्रकार से प्रदर्शित किया जाए।

कार्रवाई: सभी संस्थान/परियोजना निदेशक (डीकेएमए)

7. सभी अधिकारी/कर्मचारी अपने–अपने स्तर पर फाइलों में हिन्दी में अधिक से अधिक टिप्पणियां लिखें।

कार्रवाई: सभी अधिकारी/अनुभाग

9. परिषद के अंतर्राष्ट्रीय सहयोग अनुभागों में हिन्दी में कम पत्राचार हो रहा है जिसमें बढ़ोत्तरी हेतु अथक प्रयास किए जाएं और डेपुटेशन के ऑर्डर हिन्दी में भी जारी किए जाएं।

कार्रवाई: अवर सचिव (आईसी–1,2,3 एवं 4)/हिन्दी अनुभाग, डेयर

10. परिषद के अधीनस्थ सभी संस्थानों द्वारा अपनी–अपनी वार्षिक रिपोर्ट द्विभाषी रूप में प्रकाशित की जाएं।

कार्रवाई: परिषद के अधीनस्थ सभी संस्थान

11. संसदीय राजभाषा समिति के निर्देशानुसार विज्ञापनों पर व्यय की जाने वाली राशि में से 50 प्रतिशत राशि अनिवार्य रूप से हिन्दी में जारी विज्ञापनों पर व्यय करने के संबंध में अध्यक्ष महोदय ने सुझाव दिया कि 'क' क्षेत्र में प्रकाशित कराए जाने वाले विज्ञापन अधिकांशतः हिन्दी में ही प्रकाशित कराए जाएं ताकि निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति की जा सके।

कार्रवाई: सभी संबंधित अधिकारी/अनुभाग

12. परिषद मुख्यालय के कर्मचारियों को मिलने वाली वेतन पर्ची (पे–स्लिप) को द्विभाषी रूप में करने के संबंध में उप सचिव (रोकड़) ने बताया कि उन्होंने एनआईसी से इस संबंध में पत्र लिखकर सम्पर्क किया था लेकिन एनआईसी से पे–स्लिप को द्विभाषी/हिन्दी में करने हेतु कोई सफलता नहीं मिली। फिर भी, इस दिशा में कार्रवाई जारी है।

कार्रवाई: उप सचिव (रोकड़)

15. राजभाषा विभाग द्वारा जारी निर्देशानुसार दिसम्बर, 2014 में की जाने वाली अगली हिन्दी संगोष्ठी परिषद की वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक के दौरान की जाए जिसमें एक या दो अतिथि विशेषज्ञों को आमंत्रित किया जाए।

कार्रवाई: परियोजना निदेशक (डीकेएमए)

16. प्रत्येक शाखा अधिकारी, हिन्दी की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की प्रत्येक बैठक में अपने–अपने अधीनस्थ संस्थानों में प्रकाशित हिन्दी पत्रिकाओं की स्थिति प्रस्तुत करें।

कार्रवाई: सभी प्रभागाध्यक्ष/शाखा अधिकारी

17. राजभाषा विभाग द्वारा जारी वर्ष 2014–15 के वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्य के अनुसार हिन्दी पुस्तकों की खरीद की जाए।

कार्रवाई: पुस्तकालयाध्यक्ष

18. प्रत्येक प्रभाग, प्रभाग स्तर पर भी प्रत्येक तिमाही में अलग से हिन्दी की बैठक करें जिसमें राजभाषा कार्यान्वयन में प्रभाग स्तर पर हो रही प्रगति की चर्चा शामिल हो।

कार्रवाई : सभी प्रभागाध्यक्ष, भा.कृ.अ.प.

19. संस्थानों के लिए जहां कोई भी हिन्दी पद सृजित नहीं है वहां पर हिन्दी पदों के सृजन हेतु 12वीं योजना में अपेक्षित कार्रवाई की जा रही है।

कार्रवाई : हिन्दी अनुभाग

20. सभी प्रभागाध्यक्ष संस्थानों की तिमाही और रा.भा.कार्या. समिति की बैठक के कार्यवृत्त की हिन्दी अनुभाग द्वारा की गई समीक्षा रिपोर्ट पर संस्थानों से अनुवर्ती कार्रवाई सुनिश्चित कराएं।

कार्रवाई : सभी प्रभागाध्यक्ष

21. सभी अनुभागों द्वारा राजभाषा हिन्दी के प्रगामी प्रयोग संबंधी तिमाही रिपोर्ट में आंकड़े पूर्णतः और ठीक प्रकार से भरकर भेजे जाएं।

कार्रवाईः सभी अनुभाग

22. सभी उप महानिदेशक/सहायक महानिदेशक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी जब भी संस्थानों में जाएं तो वे अनिवार्य रूप से हिन्दी का भी निरीक्षण करें और निरीक्षण रिपोर्ट की एक प्रति हिन्दी अनुभाग को दें। इसके लिए महानिदेशक महोदय ने कहा कि सभी वरिष्ठ अधिकारियों को लिखा जाए और निरीक्षण प्रोफार्मे की प्रतियां दी जाए।

कार्रवाईः सभी वरिष्ठ अधिकारी/हिन्दी अनुभाग

23. राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में अनुभागवार हिन्दी टिप्पणियों का प्रतिशत भी प्रदर्शित किया जाए।

कार्रवाईः हिन्दी अनुभाग

बैठक के अंत में सचिव, भा.कृ.अ.प. ने समिति के सभी सदस्यों से कहा कि वे अपने–अपने स्तर पर तथा अपने अनुभागों के स्तर पर हिन्दी में अधिकतम कार्य करें और अपने अनुभाग के कर्मचारियों को हिन्दी में कार्य करने हेतु प्रोत्साहित करें।

बैठक अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के साथ समाप्त हुई।

अनुबंध

**दिनांक 03.09.2014 को डेयर सहित परिषद की संयुक्त राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में भाग लेने वालों की सूची**

| क्र0सं0 | नाम | पदनाम | सदस्य |
|---|---|---|---|
| 1 | डॉ0 एस. अय्यप्पन | सचिव, डेयर एवं महानिदेशक, भाकृअप | विशेष अध्यक्ष |
| 2 | श्री अरविन्द कौशल | अपर सचिव, डेयर एवं सचिव, भाकृअप | अध्यक्ष |
| 3 | डॉ0 शिवा धार सिंह | सहायक महानिदेशक (अंत:मात्स्यिकी) | सदस्य |
| 4 | डॉ0 शशांक मौर्य | सहायक महानिदेशक (बौ.सं.त.प्र.) | सदस्य |
| 5 | डॉ0 सुरेश कु. मल्होत्रा | सहायक महानिदेशक (बागवानी) | सदस्य |
| 6 | डॉ0 प्रा.कु. चक्रबर्ती | सहायक महानिदेशक (पीपी) | सदस्य |
| 7 | डॉ0 अशोक कुमार सिंह | सहायक महानिदेशक (कृषि विस्तार) | सदस्य |
| 8 | डॉ0 शिव प्रसाद | सहायक महानिदेशक (समन्वय) | सदस्य |
| 9 | डॉ0 सुधीर पाल अहलावत | प्रधान वैज्ञानिक (प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन) | सदस्य |
| 10 | डॉ0 रामेश्वर सिंह | परियोजना निदेशक (डीकेएमए) | सदस्य |
| 11 | श्री जे. रवि | निदेशक (प्रशा. एवं कर्मिक) | सदस्य |
| 12 | डॉ0 सूजित कुमार मित्रा | निदेशक (फसल विज्ञान) | सदस्य |
| 13 | डॉ0 त्रिभुवन राय | परामर्शदाता (पीआईएम) | सदस्य |
| 14 | डॉ0 जगदीश सक्सेना | संपादक हिन्दी, (डीकेएमए) | सदस्य |
| 15 | श्री पीताम्बर | उप–सचिव (पशु विज्ञान) | सदस्य |
| 16 | श्री एम.के. जैन | उप–सचिव (बागवानी विभाग) | सदस्य |
| 17 | श्री स.कु. बेहेरा | उप–सचिव (अभियांत्रिकी) | सदस्य |
| 18 | श्री केशव ना. चौधरी | उप–सचिव (सामान्य प्रशा.) | सदस्य |
| 19 | श्रीमती रोजा सेतु माधवन | उप–सचिव (कृषि विस्तार) | सदस्य |
| 20 | श्री कन्हैया चौधरी | उप–सचिव (शिक्षा) | सदस्य |
| 21 | श्री पी. शक्तिवेल | उप–सचिव (तकनीकी सेवा) | सदस्य |
| 22 | श्रीमती नम्रता शर्मा | उप–सचिव (प्रशासन) | सदस्य |
| 23 | श्रीमती निरंजन कौर | उप–सचिव (डेयर) | सदस्य |
| 24 | श्री प्रदीप कुमार बागे | उप–सचिव (मात्स्यिकी) | सदस्य |
| 25 | श्री कृष्ण कांत कुलश्रेष्ठ | उप–सचिव (कार्य अध्ययन एवं रोकड़) | सदस्य |
| 26 | श्री एस.के. सिंह | विधि सलाहकार | सदस्य |
| 27 | श्री गोविन्द प्रसाद शर्मा | उप–निदेशक (वित्त) | सदस्य |
| 28 | श्रीमती अलका आहूजा | अवर सचिव (स्था.) डेयर | सदस्य |
| 29 | श्री राजेन्द्र कुमार | अवर सचिव (प्रा.स.प्र.) | सदस्य |
| 30 | श्री मनोज कुमार | सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी (रा.भा.) | सदस्य |
| 31 | श्री बी.एस. पर्सवाल | वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी (रा.भा.) | सदस्य |
| 32 | डॉ0 पूरन सिंह | सहायक निदेशक (रा.भा.) डेयर | सदस्य |
| 33 | श्रीमती पेरी सुनीता बरवा | अनुभाग अधिकारी (आईपीआर) | सदस्य |
| 34 | श्री हरीश चन्द्र जोशी | निदेशक (रा.भा.) | सदस्य सचिव |